प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 04.01.2026 (दोपहर – 1455 बजे)

केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि मनरेगा भ्रष्टाचार का एक पर्याय बन चुका था, जहां श्रमिकों को प्राय: दरकिनार करके उनका शोषण किया जाता था। आज नई दिल्ली में संवाददाताओं से उन्होंने कहा कि कांग्रेस विकसित भारत रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन–ग्रामीण–जी राम जी क़ानून को लेकर जनता को गुमराह कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि पार्टी मनरेगा की नहीं, बल्कि इसमें हो रहे भ्रष्टाचार की रक्षा करना चाह रही है। श्री चौहान ने कहा कि विकसित भारत–जी राम जी क़ानून श्रमिकों के हित में है क्योंकि इसमें बढे हुए भुगतान, बेरोजगारी भत्ते, विलम्बित भुगतान पर ब्याज और सौ की तुलना में सवा सौ दिन के रोजगार की गारंटी दी गई है। श्री चौहान ने कहा कि इनसे श्रमिकों की आर्थिक स्थिति बेहतर होगी और वे गांवों में सार्थक योगदान भी दे सकेंगे।

****

अब तीन वर्ष से कम अवधि वाले स्टार्टअप भी अनुसंधान, विकास और नवाचार कोष का लाभ उठा सकेंगे। केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा है कि अब नए स्टार्टअप भी पंजीकरण कर इस कोष का लाभ उठा सकते हैं। डॉ. सिंह ने कहा कि सरकार ने परमाणु क्षेत्र और अंतरिक्ष क्षेत्र को निजी क्षेत्र के लिए खोलने जैसे कई महत्वपूर्ण फैसले लिए हैं। श्री सिंह ने कहा कि भारत, प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत की दृष्टि को कार्यरूप दे रहा है और एक ऐसे देश के रूप में उभर रहा है जिस पर भरोसा करने वाले देशों की संख्या तेजी से बढ़ रही है।

****

देश के मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार अपने दो दिवसीय दौरे पर आज देवघर पहुंचे। हवाई अड्डे पर राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार, संथाल परगना के पुलिस उप महानिरीक्षक अंबर लकड़ा, जिले के उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा और पुलिस अधीक्षक सौरभ ने उनका स्वागत किया। इसके अलावा एयरपोर्ट के बाहर मुख्य निर्वाचन आयुक्त के आगमन पर पुलिस जवानों ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया। हवाईअड्डे पर उन्होंने पत्रकारों से बातचीत भी की।

****

सिमडेगा जिले के कोलेबिरा प्रखंड के बरसलोया और गढ़ाटोली में जंगली हाथियों ने तीन घरों को क्षतिग्रस्त कर दिया और घर में रखा अनाज खा गए। स्थानीय विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी के निर्देश पर गाँव पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने पीड़ित परिवारों को राहत सामग्री और हाथी भगाने से संबंधित सामग्री उपलब्ध कराई है।

****

सिमडेगा जिले में हुई विधिक सेवा प्राधिकार की बैठक में नशा मुक्ति और बाल विवाह उन्मूलन से संबंधित कार्य तेज करने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्राधिकार की सचिव मरियम हेमराम ने कहा कि जिले में पांच से बारह जनवरी तक नशा मुक्त भारत के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत कई प्रतियोगिताओं के जरिए युवा वर्ग को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

****

रेलवे सुरक्षा बल, आरपीएफ ने टाटानगर रेलवे स्टेशन से मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से छह किलो अवैध मादक पदार्थ बरामद किए गए हैं। रेल पुलिस के मुताबिक इस पदार्थ की बाजार कीमत लगभग तीन लाख 50 हजार रुपये आंकी गई है। गिरफ्तार दोनों आरोपित पश्चिमी चंपारण जिले के रहने वाले हैं।

****

मौसम विभाग ने अगले दो दिनों तक गुमला, पलामू, गिरिडीह समेत राज्य के 15 जिलों में दो दिनों तक घने कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया है। इसके साथ ही सुबह और शाम शीतलहर चलने का भी पूर्वानुमान है। रांची मौसम विज्ञान केंद्र के उप निदेशक अभिषेक आनंद ने बताया कि अगले 24 घंटों के दौरान न्यूनतम तापमान में कोई खास बदलाव होने की उम्मीद नहीं है, लेकिन उसके बाद पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से अगले दो दिनों में इसमें तीन डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट आ सकती है।

*********समाप्त********